WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक
# मेरठ दर्पण

वर्षः 05 अंक 350 मेरठ, गुरुवार 08 जुलाई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......




# किठौर में अवैध असलाह की फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** पुलिस और सर्विलांस टीम की संयुक्त टीम ने किठौर में अवैध असलाह फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। टीम ने मौके से करीब दो दर्जन बने अधबने हथियार, उपकरणऔर कारतूसों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रेस वार्ता में सीओ ब्रजेश सिंह ने बताया कि पुलिस को कई दिनों से बहरोड़ा के जंगल में अवैध हथियारों की फैक्ट्री के संचालन की सूचना मिल रही थी। जिस पर प्रभारी निरीक्षक अरविंद मोहन शर्मा ने सर्विलांस टीम की मदद से लोकेशन ट्रेस कर तड़के करीब 4रू30 बजे बहरोड़ा के जंगल में हाजी अनीस की ट्यूबवेल के पास स्थित गन्ने के खेत की घेराबंदी कर तीन लोगों को धर दबोचा। संयुक्त टीम ने मौके से 16 बने, अध ाबने तमंचे एक रिवाल्वर एक रायफल,एक पौना रायफल कारतूस और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पकड़े गए लोगों ने पूछताछ में अपने नाम अनस उर्फ चुहिया पुत्र सलीम निवासी श्यामनगर गोपाल की कोठी, बिलाल पुत्र अब्दुल अजीज निवासी आशियाना कश्वलोनी थाना लिसाडीगेट व शाहरुख उर्फ सल्लू पुत्र जुल्फिकार निवासी बहरोड़ा थाना किठौर बताए। सीओ ने बताया कि अनस पेशेवर अपराधी है। उस पर लिसाडीगेट,खरखौदा और रेलवे रोड थानों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## चोरी की स्कूटी के साथ वाहन चोर गिरफ्तार

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मोदीपुरम में पल्लवपुरम पुलिस ने हाईवे से मंगलवार को एक वाहन चोर गिरफ्तार किया है। चोर से बरामद स्कूटी भी चोरी की है। पुलिस पूछताछ में वाहन चोर लिसाड़ी गेट क्षेत्र का है, जहां उसके वाहन चोर गिरोह के सदस्य रहते हैं। इंस्पेक्टर पल्लवपुरम देवेश कुमार शर्मा ने बताया कि मंगलवार को पुलिस हाईवे पर वाहन चौङ्क्षकग कर रही थी। इसी बीच स्कूटी सवार एक युवक को पुलिस ने रूकने का इशारा किया। पुलिस को देखते ही वह यू-टर्न लेकर वापस मेरठ की ओर भाग निकला। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को धर दबोचा। पूछताछ में युवक की पहचान लिसाड़ी गेट क्षेत्र निवासी अकरम के रूप में हुई है। साथ ही बरामद स्कूटी भी चोरी की निकली। अकरम ने पुलिस को बताया कि वह मेरठ में कई क्षेत्रों से वाहन चोरी करते हैं।

## सोशल मीडिया पर तमंचे सहित वायरल फोटो के आरोपित को भेजा जेल



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ के किठौर में सोशल मीडिया पर तमंचे सहित फोटो वायरल करना युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने वायरल हुए फोटो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने बुधवार तड़के असीलपुर निवासी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर अरविंद मोहन शर्मा ने बताया कि गत दिनों हाथ में तमंचा लिए एक युवक का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर इसकी जांच-पड़ताल की तो युवक की शिनाख्त अंकित पुत्र चतर सिंह निवासी असीलपुर के रूप में हुई। पुलिस ने बुधवार तड़के करीब पांच बजे आरोपित को गांव के बाहर स्थित ईदगाह के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# जनसंख्या नियंत्रण पर जल्द बनना चाहिए कानून

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल के नेतृव में संस्था की कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे ।

जहां उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम सौंपा। ज्ञापन सोते हुए अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल ने कहा कि सरकार जनसंख्या नियंत्रण कानून जल्द से जल्द लागू करें क्योंकि जिस तरीके से कोरोना काल मे लोगों को ऑक्सीजन दवाइयां नहीं मिली यह सभी दिक्कत परेशानी बढ़ती जनसंख्या को लेकर आई थी अगर हमारे देश में जनसंख्या नियंत्रण होती तो लोगों को दवाई और ऑक्सीजन



की कमी ना होती हम यह मांग करते हैं कि सरकार जनसंख्या नियंत्रण पर दो बच्चे लागू करने का कानून बनाएं 2 बच्चों से ज्यादा बच्चे होने पर उसकी सरकारी सुविधाएं सरकार से मिलने वाली सभी सुविधाएं बंद कर दी जाए।

## मेरठ एसएसपी ने एक साथ 75 पुलिसकर्मियों को किया लाइन हाजिर

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ पुलिस के इतिहास में भ्रष्टाचार और ठेकेदारी प्रथा को लेकर अब तक का सबसे बड़ा एक्शन किया गया है। एसएसपी मेरठ प्रभाकर चौधरी ने एक साथ 75 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। इनकी जगह पर नए पुलिसकर्मियों को मौका दिया जाएगा। गोपनीय जांच रिपोर्ट, व्हाट्सएप पर मिली शिकायतों की जांच और एसपी-सीओ स्तर के अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। इसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। मेरठ में शहर और देहात के थानों में सालों से मठाधीश बनकर बैठे पुलिसकर्मियों पर एक साथ एक्शन किया गया है। एसएसपी मेरठ प्रभाकर चौधरी की ओर से बुधवार को आदेश जारी किया गया, जिसमें जिले के 75 पुलिसकर्मियों को एक साथ लाइन हाजिर कर दिया गया है। दरोगा से लेकर हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल पर कार्रवाई की गई है। लिस्ट में थानों के एसओ-इंस्पेक्टर के कारखास पुलिसकर्मियों के नाम डाले गए हैं। इन सभी के खिलाफ भ्रष्टाचार, मठाधीशी, ठेकेदारी प्रथा और ड्यूटी में लापरवाही के आरोप थे। हाल ही में सभी के खिलाफ साक्ष्य के साथ एसएसपी को शिकायत की गई थी। गोपनीय जांच रिपोर्ट के आधार पर एक साथ सभी को लाइन हाजिर किया गया है। एसएसपी मेरठ प्रभारी चौध ारी ने बताया, कुछ पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण व अन्य ड्यूटी के लिए पुलिस लाइन भेजा गया है। इनकी जगह पर दूसरे पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, मची अफरा-तफरी



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जलीकोठी के पास उस वक्त अफरातफरी मच गई। जब एक विद्युत ट्रांसफार्मर में भीषण आग लग गई और देखते ही देखते ट्रांसफार्मर धू-धूकर जल उठा।साथ ही आग ने अपनी चपेट में लड़की के गोदाम को भी ले लिया। थाना सदर बाजार के जली कोठी मार्किट में एक विद्युत ट्रांसफार्मर रखा है। जिसमे अचानक शार्ट सर्किट की वजह से भीषण आग लग गई। आग इतनी जबरदस्त थी कि पूरा ट्रांसफार्मर धू -धूकर जल उठा। और लड़की के गोदाम को भी अपनी चपेट में ले लिया।वहीं राहगीरो और आस पास के दुकानदारों में आग लगने से हड़कंप मंच गया।आग की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड में काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ।उसके बाद आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली । आग लगने से लकड़ी के गोदाम में लाखों का नुकसान बताया जा रहा है।बताया जा रहा है कि गोदाम में काफी समान रखा था।जो आग की चपेट में आकर राख हो गया है।

## सरधना से संगीत सोम की पत्नी प्रीति सोम भाजपा ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा हाईकमान द्वारा बुधवार को मेरठ ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। जनपद में 12 ब्लॉकों में से 10 की सूची में गुर्जर चेहरों को तवज्जो दी गई है।

प्रत्याशियों की सूची में सबसे चर्चित चेहरा भाजपा के सरधना से पार्टी विधायक संगीत सोम की पत्नी प्रीति सिंह है जिन्हे सरधना ब्लॉक से दावेदार बनाया गया है। भाजपा सूत्रों के अनुसार उक्त सूची में परीक्षितगढ़, मवाना और हस्तिनापुर में स्थानीय विध ाायक दिनेश खटीक की पसंद को पार्टी ने तवज्जो दी है। बता दें की पार्टी द्वारा जो सूची जारी की गई है उसमें दो ब्लॉक जानी खुर्द और माछरा के नाम घोषित नही किये गये है। इनके अलावा खरखौदा में सामान्य सीट पर पुनीत त्यागी, दौराला में ओबीसी महिला शर्मिष्ठा देवी, परीक्षितगढ़ सामान्य



सीट ब्रहमसिंह, मेरठ ओबीसी कपिल कुमार, मवाना ओबीसी महिला सीट गीता, रजपुरा महिला सीट पूनम चौहान, रोहटा एससी पर रेखा, सरधना महिला प्रीति सोम, सरुरपुर सामान्य राजेंद्र सिंह, हस्तिनापुर अनारक्षित नितिन पोसवाल का नाम फाइनल किया है।

# सीडीओ शशांक चौधरी ने किया काली नदी का निरीक्षण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ के सीडीओ शशांक चौधरी आईएएस तथा मेरा शहर मेरी पहल ने संयुक्त रूप से गांवड़ी गांव स्थित काली नदी पर एक किलोमीटर तक पैदल चल निरीक्षण किया। काली नदी पर पिछले कई दिनों से सफाई कार्य एवं पौधारोपण निरंतर किया जा रहा है। नदी का स्वरूप अब दिखने लगा है तथा पानी बहने लगा है। नदी के दोनों और मिट्टी का ढलान तथा पौधारोपण कार्य साथ साथ किया जा रहा है। पौधरोपण के पश्चात पौधों की देखभाल रहे इसका भी संपूर्ण ध्यान रखा जा रहा है। इस मौके पर सीडीओ शशांक चौधरी, डी डी ओ डीवी तिवारी, मेरा शहर मेरी पहल के कोषाध्यक्ष एस के शर्मा, कोअर्श्वर्डिनेटर अंकुश चौधरी तथा विपुल सिंघल मौजूद रहे।

# परतापुर गोपाल गौशाला मेरठ में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** परतापुर गोपाल गौशाला मेरठ में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजिन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रहे भाजपा क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष बिजेंद्र अग्रवाल व वरिष्ठ अतिथि मुख्य वन अधिकारी राजेश कुमार बिजेंद्र अग्रवाल ने कहा 400 पौधे से अधिक पौधे लगाए गए महामंत्री विनोद कुमार, उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, प्रबंधक उमेश पांडे, युवा भाजपा नेता मयंक वर्मा लोधी, तुषार जैन, अनुराग त्यागी आदि लोग उपस्थित रहे।

# त्यागी समाज ने किया बागपत ब्लॉक में वृक्षारोपण



**मेरठ दर्पण-बागपत।** त्यागी समाज बागपत के पदाधिकारियों ने बागपत ब्लॉक परिसर में वृक्षारोपण किया और लोगों को वृक्षों की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर त्यागी समाज बागपत के पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर त्यागी एडवोकेट ने कहा कि सभी लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए, ताकि भविष्य में कभी भी ऑक्सीजन की कमी ना होने पाए। वृक्ष लगाने से जहां पृथ्वी पर वातावरण का संतुलन बना रहेगा, वही प्राणियों को प्राण वायु की कमी भी नहीं होगी। इसलिए सभी को वृक्ष लगाने चाहिए। वृक्ष को गोद लेकर उनके लालन-पालन की जिम्मेदारी भी उठानी चाहिए। इस मौके पर त्यागी समाज बागपत के अध्यक्ष विक्रम त्यागी, महामंत्री प्रदर्शन त्यागी एडवोकेट, संस्थापक धर्मवीर त्यागी, संस्थापक सतीश त्यागी, कोषाध्यक्ष बिल्लू त्यागी आदि मौजूद थे।

# ग्लोबल सोशल कनेक्ट द्वारा किया वृक्षारोपण





**मेरठ दर्पण-मेरठ।** वन महोत्सव के चौथे दिन ग्लोबल सोशल कनेक्ट तथा मेरा शहर मेरी पहल के सदस्यों ने अंसल टाउन, निकट बीकानेर मोदीपुरम मेरठ बायपास के पास वृक्षारोपण किया। आज अलग-अलग तरह के पौधे यहां लगाए गए और उन्हें सुरक्षित रखने का निर्णय लिया गया। ग्लोबल सोशल कनेक्ट की अध्यक्षा रिचा सिंह भी वहां पर उपस्थित रही, उन्होंने कहा कि देशभर में वृक्षों की कमी होने के कारण हमारा वातावरण प्रदूषित होता जा रहा है, हमारे वातावरण को बचाने के लिए और प्रदूषण को कम करने के लिए हमें हर रोज एक पौधा तो अवश्य लगाना चाहिए । उन्होंने यह भी बताया कि ग्लोबल सोशल कनेक्ट के सदस्यों के द्वारा वृक्षारोपण की पहल उन्होंने देशभर में इसलिए शुरू की है ताकि और लोग इसके प्रति जागरूक हो सके जिससे कि हमारा पर्यावरण और प्रदूषित होने से बचाया जा सके । संस्था के प्रोजेक्ट तारे जमीन पर की बच्चियों ने पौधा लगाकर अपना उत्साह दिखाया। आज विज्ञान सिद्ध कर चुका है कि ये पेड-पौधे हमारे लिए कितने महत्त्वपूर्ण हैं । मेरा शहर मेरी पहल के पदाधिकारियों ने कहा कि सब लोगों को पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए और उन्हें सुरक्षित रखना चाहिए और उन्होंने यह भी कहा है कि अगर हम इसी तरह पेड़ काटते रहे तो हमारे आने वाली पीढ़ी को वायु प्रदूषण का बहुत गंभीरता से सामना करना पड़ सकता है इसीलिए ष्पेड़ लगाएं जीवन बचाएंष्। कार्यक्रम में ;चा सिंह, संगीता, विपुल सिंघल, अंकुश चौधरी, सुरेंद्र शर्मा, रतीश गुप्ता, गुलशन, रुद्राक्ष , तनिष्क , कुशाग्र,समद , आलिया , अलिसा आदि उपस्थित रहे ।

# 10 जुलाई को भरण-पोषण प्राधिकरणो में आयोजित करें राष्ट्रीय लोक अदालतः जिलाधिकारी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी के0 बालाजी ने बताया कि अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा दिनांक 10 जुलाई 2021 को अभिभावक एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 के अन्तर्गत गठित भरण पोषण प्राधिकरणों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है। उन्होने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देषित करते हुये कहा कि दिनांक 10 जुलाई 2021 को अभिभावक एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 के अन्तर्गत गठित भरण पोषण प्राधिकरणों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित करें। उन्होने बताया कि वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली के अधीन समझौते के आधार पर निपटाये जाने योग्य मामलोंध्वादोंध्अपीलों को चिन्हित किया जाये। प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में वादकारियों को आदेशिकाओं एवं समन की तामील कराये जाने के सम्बन्ध में व्यवस्थित प्रणाली विकसित की जाये। प्रिन्ट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत के योजना के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार किया जाये। प्रस्तावित लोक अदालत में मामले के निस्तारण से पूर्व न्यूनतम 2 या 3 तिथियों पर मध्यस्तमध्सुलहध्समझौते हेतु बैठक आयोजित कर ली जाये। वादकारियों के मध्य पारस्परिक समझौते के महत्तम प्रयास किये जाये। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु नियत मामलों की सूचना राष्ट्रीय लोक अदालत के कार्यदिवस की समाप्ति पर उसी दिन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के ई-मेल प्रेषित करने हेतु सूचना उपलब्ध करायेंगे।

# सेन्ट जेम्स स्कूल में लगाया टीकाकरण कैम्प



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कंकर खेड़ा वार्ड 23 सुभाषपुरी स्थित सेन्ट जेम्स स्कूल चर्च कम्पाउन्ड में वार्ड 23 पार्षद राजेश खन्ना, पार्षद सद्र सतनाम सिंह नामी, स रणजीत सिंह सलूजा विक्की के नेतृत्व में व सेन्ट जेम्स स्कूल के प्राचार्य डॉ. नवीन सिंह व उनकी पत्नी अरपना सिंह, भाजपा कंकर खेड़ा मण्डल के अध्यक्ष अशोक सबलोक के सहयोग से 18 व 45 वालो को कोविड-19 वैक्सिंग टीकाकरण का कैंप लगाया गया। टीकाकरण कैम्प में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुँचकर टीकाकरण करवाया।

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्नातक संघ ने किया वृक्षारोपण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के तत्वावधान में अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्नातक संघ ने किया वृक्षारोपण। मयूर विहार टंकी वाले पर्क में एबीआरएसएस के प्रदेश महामंत्री संगठन हिमांशु गोयल के साथ क्षेत्रीय महामंत्री तरूण गुप्ता, उपाध्यक्ष ऋषभ अग्रवाल, जिला महामंत्री संजय अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश चोबे, सागर शर्मा ने मयूर विहार निवासी निखिल त्यागी के प्रस्ताव पर वृक्षारोपण किया। उचित स्थान पर अर्जुन, आंवला और सहजन के पौधे रोपे गए कार्यक्रम में कॉलोनी वासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के भाग प्रमुख पवन त्यागी ने कॉलोनी वासियों से पौधों की देखरेख करने की अपील की। कार्यक्रम में विशु शर्मा, दीपक, सूरज राजपूत आदि ने योगदान किया।

# लंबित आवेदनों का बैंक करें जल्द से जल्द निस्तारण : जिलाधिकारी के बालाजी



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी केबालाजी के द्वारा जनपद में प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के कार्यान्वयन के संबंध में सभी बैंक के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई। समीक्षा के दौरान विभिन्न बैंकों द्वारा योजनान्तर्गत उत् ष्ट प्रदर्शन हेतु नगर आयुक्त मनीष बंसल के द्वारा पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के सराहनीय कार्य का उल्लेख किया एवं आगे इसी प्रकार के प्रदर्शन हेतु आग्रह किया। नगर आयुक्त ने विभिन्न बैंकों द्वारा इस योजना अंतर्गत सभी लंबित आवेदनों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर सभी आवेदन का निस्तारण करने हेतु निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने आगामी समीक्षा बैठक अगले बुधवार को विकास भवन में आयोजित करने के निर्देश दिए। केनरा बैंक द्वारा सर्वाधिक ;ण आवेदन को निरस्त किया गया इसे संज्ञान में लेते हुए अन्य बैंक यथा इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक आफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा को सभी निरस्त आवेदन पर एक सप्ताह के अंदर पुनः कार्यवाही करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए। अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक के द्वारा बताया गया कि सभी प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के आवेदक अपने अपने बैंक शाखा से संपर्क करें और ;ण प्राप्त करें एवम जिन लाभार्थियों ने अपने पुराने ;ण को समयनुसार चुका दिया है वो अब रुपए 20000₹ के ;ण लेने हेतु योग्य हो गए है वो ऑनलाइन आवेदन कर सकते है अथवा नगर निगम या डूडा कार्यालय से मदद प्राप्त कर आवेदन कर सकते है। बैठक में इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, फेडरल बैंक, एक्सिस बैंक से कोई भी प्रतिनिधि मौजूद नहीं था जिसके लिए नगर आयुक्त महोदय ने असंतोष व्यक्त किया।

# अनुप्रिया के मंत्री बनने पर अपना दल एस कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न




**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** अपना दल एस जनपद मुजफ्फरनगर की महत्वपूर्ण बैठक सदर कार्यालय पर हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनय मित्तल व संचालन संजय गुप्ता ने किया। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल जी को देश की मोदी सरकार में राज्य मंत्री बनाए जाने पर मिठाई बांटी गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा अनुप्रिया पटेल जी को मंत्रिमंडल में शामिल किये जाने पर कार्यकर्ता फूली नहीं समा रहे है व जबरदस्त उत्साह व जोश में है! महामंत्री ईश्वर पटेल ने कहा कि यूपी में पार्टी के दो जिला पंचायत अध्यक्ष जीतकर आए हैं और पार्टी ब्लश्कक प्रमुख चुनाव में भी अपना परचम लहरायेगी, युवा जिला अध्यक्ष तरुण सिंह ने अपने साथियों के साथ जोरदार नारेबाजी की। प्रदेश सचिव काजी तजकीर मुशीर व सदर विधानसभा अध्यक्ष तरुण शर्मा ने भी अपने महत्वपूर्ण विचार रखेद्य बैठक में आईटी सेल के जिलाध्यक्ष राजन सिंघल, मोहित गोयल, जसवीर बलवाखेड़ी, महेंद्र सैनी मीरापुर, मनोज कौशिक, राधे यादव, कुलदीप त्यागी, कपिल सिंह, अमित चौधरी, मनीष शाहपुर, विनीत चौधरी रोहित कुमार, नीटू तितावी, अंकुर गुप्ता, नौशाद छपार, नवीन दोस्तों की साबिर अली, राशिद चौधरी, मदन लाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सडक हादसे में पत्रकार की मौत

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**



**मुजफ्फरनगर।** भौराकलां में बुढ़ाना के पत्रकार की सड़क हादसे में मौत हो गई। कार चालक फरार हो गया। भौराकलां थाना इलाके के गढ़ी नोआबाद में अनियंत्रित कार ने बाइक सवार पत्रकार को टक्कर मार दी। जिसमें पूर्व पत्रकार की दर्दनाक तरीके से मौत हो गई। वहीं घटना को अंजाम देकर कार चालक कार छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थ्ल पर पहुंची और पत्रकार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक पत्रकार राकेश कातियान बुढ़ाना कस्बे के निवासी थे। पत्रकारों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# समाजवादी पार्टी ने सदर विधानसभा में किया वोटर कैम्प का आयोजन




**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** सदर विधानसभा क्षेत्र के गौशाला नदी रोड़ पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सपा नेता राकेश शर्मा के समर्थकों द्वारा आयोजित सपा वोटर कैम्प का सपा नेता राकेश शर्मा पूर्व मंत्री मुकेश चौधरी महिला सभा महानगर अध्यक्ष अलका शर्मा ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस मौके पर राकेश शर्मा ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर चलाये जा रहे सपा वोटर कैम्प के द्वारा सपा का मिशन प्रत्येक छुटी हुई व नई वोट अंतिम रूप से बनवाने तक सपा हर बूथ क्षेत्र में मेहनत जारी रखेगी। पूर्व मंत्री मुकेश चौधरी ने कहा कि सपा वोटर कैम्प का मकसद वोटरों में जागरूकता लाना व गली गली गांव तक पहुंचकर सभी की नई वोट व सही वोट कराना है। सपा जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने गलत प्रकार से किसी की वोट न कटे व पहली बार मतदाता बनने वाले की शत प्रतिशत वोट बनवाने पर जोर दिया। इस दौरान पूर्व प्रमुख जिल्ल्ले हैदर, युवा सपा नेता डॉ इसरार अल्वी, डॉ नूर हसन सलमानी, रेशु शर्मा, डॉ अविनाश शर्मा, अमलेश शर्मा, के.डी. शर्मा, प्रियांक शर्मा, अखिल शर्मा, अनुज चौधरी, दिलनवाज सलमानी, बंटी शर्मा, डॉ निखिल शर्मा, संजू कुमार, मुकेश कुमार, वसीम, संदीप कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मुजफ्फरनगर पुलिस का सराहनीय कार्य, ठगी किए गए 90 हजार रुपये कराए वापिस, पीड़ित ने पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी अभिषेक यादव द्वारा जिले में चालू किया गया उत्तर प्रदेश में पहला साइबर हेल्प सेंटर लगातार पीड़ित लोगों को लाभ दे रहा है। सोशल साइट पर ठगी के मामलों पर काम करने वाली पुलिस टीम ने एक बार सराहनीय कार्य किया जिसकी चारों तरफ चर्चाएं हो रही है। बुधवार को पुलिस ने बुढ़ाना इलाके के परसौली निवासी व्यक्ति सतपाल के ठगी किए गए 90 हजार रुपये वापस कराए। जिसके मिलते ही पीड़ित का चेहरा खिल उठा और पीड़ित व्यक्ति ने पुलिसकर्मियों को बुके देकर सम्मानित किया।

# पूर्व सीएम अखिलेश यादव से दिल्ली मे किशोर वाल्मीकि ने की मुलाकात



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सपा कार्यकर्ताओ के प्रतिनिधि मंडल ने सपा के वर्तमान प्रदेश सचिव अनु.जाति जनजाति प्रकोष्ठ किशोर वाल्मीकि के नेतृत्व में दिल्ली स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव जी से बाबा सुखराम कि मुलाकात करायी व क्षेत्र कि विभिन्न समस्याओं गंगा के तटबंध टूटने से आयी बाढ़ कि जानकारी देते हुये किसानो कि लाखो रूपये कि फसल बाढ़ के कारण नष्ट हो गयी है अखिलेश यादव ने कहा सरकार आने पर किसानों कि फसल का उचित मुआवजा देगे आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सपा नेता किशोर वाल्मीकि ने अखिलेश यादव को बताया कि बीजेपी सरकार मे गंगा पर बांध बनाने के लिए 18 करोड़ रूपये कि निधि पास हुये बीजेपी के क्षेत्रीय विधायक ने उसका ठेका अपने परिचित को देकर मात्र 900 मीटर मिट्टी व कुछ पत्थर डालकर पैसे की बंदरबांट कर दी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2022 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए हस्तिनापुर पर विशेष चर्चा करी सपा नेता नरवैर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 2022 के विधानसभा चुनाव पर ध्यान देते हुए मेहनत करने के लिए कहा और जोरशोर से विधानसभा चुनाव पर विधानसभा में लगने के लिए कहा इस मौके पर सपा नेता देवेन्द्र दयाल मनोज बंसल पंपिंदर बलविंदर आदि मौजूद रहे।

# महिला आयोग उपाध्यक्ष ने जानी महिलाओं की समस्या और दिए समाधान के निर्देश

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा सिंह द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर में महिलाओं को प्राप्त हो रही स्वास्थ्य सेवाओं, गर्भवति महिलाओं एवं अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध हो रहे उपचार, कोविड वैक्सीनेशन तथा कोविड-19 से प्रभावित बच्चों से संवाद स्थापित करने के लिए अनुश्रवण किया गया। मा0 उपाध्यक्ष महोदया ने पूर्वाहन 11:00 बजे रूडकी रोड स्थित निरीक्षण भवन में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 महावीर सिंह फौजदार, दीपक कुमार उप जिलाधिकारी सदर, जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन, महिला थानाध्यक्ष श्रीमती निधि चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय, डा0 गरिमा, बाल विकास परियोजना अधिकारी राहुल इत्यादि उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में महोदया के द्वारा जनपद में अब तक कोविड-19 प्रभावित बच्चों, जिनके प्रकरण को जिला टास्क फोर्स के समक्ष प्रस्तुत कर





दिया गया है एवं जिनकी संख्या 155 है, के परिवारों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे निराश्रित महिला पेंशन, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, सभी का टीकाकरण, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, राशन कार्ड, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास, अनिवार्य शिक्षा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना, पुत्रियों की शादि हेतु अनुदान, छात्रवृत्ति योजना, उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्ननिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, मुख्यमंत्री षक दुर्घटना सहायता योजना, आयुषमान कार्ड एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना इत्यादि का लाभ सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराते हुए दिनांक 18.07.2021 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। महोदया द्वारा कोविड-19 प्रभावित बच्चों के परिवारों का कोविड वैक्सीनेशन, स्वास्थ्य परीक्षण, हैल्थ कार्ड एवं आयुषमान कार्ड बनाने के निर्देश दिये गये। सभी घरों में विद्युत कनेक्शन लगाने एवं विरासत स्थानान्तरण का कार्य भी समयान्तर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक के उपरांत उपाध्यक्ष महोदया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मखियाली एवं जिला महिला चिकित्सालय, मुजफ्फरनगर का स्थलीय निरीक्षण कर कोविड वैक्सीनेशन एवं महिलाओं को उपलब्ध कराये जा रहे उपचार एवं दवाईयों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग के साथ-साथ उपस्थित व्यक्तियों को पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 महावीर सिंह फौजदार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन भी उपस्थित रहे। चिकित्सालयों के स्थलीय निरीक्षण के उपरांत महोदया द्वारा सम्मानित पत्रकारध्मीडिया बंधुओं के साथ भी वार्ता कर महिला एवं बाल संरक्षण के कार्य में सहयोग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। महोदया के उपरोक्त कार्यक्रम के समय भारतीय जनता पार्टी के जनपदीय नेतागण अचिंत मित्तल, श्रीमती रेणू गर्ग एवं राजीव सिंह गुर्जर भी साथ रहे। महोदया द्वारा जनपद में महिलाओं एवं बच्चों को सभी योजनाओं में लाभ दिलाये जाने के निर्देश के साथ-साथ महिला एवं बाल संरक्षण हेतु संवेदनशील रहने हेतु निर्देश दिये गये।

## संजय मित्तल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** व्यापारियों के हित में व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री संजय मित्तल के नेतृत्व में अपर जिला अधिकारी राजस्व को पर प्रधानमंत्री का नाम एक सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद मुजफ्फरनगर व्यापारी समाज की विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री संजय मित्तल के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश सरकार को दिया गया जिसमें 7 सूत्रीय मांगे मांगी गई प्रदेश में वरिष्ठ व्यापारी पेंशन लागू की जाए कोरोना से मृत व्यापारी को मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत शामिल करते हुए उनके परिजनों को 1000000 का मुआवजा दिया जाए बिजली के फिक्स व सर चार्ज माफ किए जाएं। उत्तर प्रदेश में दलहन स्टॉक की सीमा हटाई जाएं। 3 सितंबर को प्रदेश में व्यापारी दिवस घोषित किया जाए। लॉकडाउन के समय का दुकानों का 2 माह का बिजली का बिल माफ किया जाए। प्रदेश में सक्रिय व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों को व्यापारी कल्याण बोर्ड में सदस्य के रूप में शामिल किया जाए आपसे विनम्र आग्रह है कि व्यापारी समाज की प्रमुख मांग को ध्यान में रखते हुए शीघ्र निर्णय लेने का कष्ट करें आपकी अति पा होगी ज्ञापन देने वालों में संजय मित्तल राजेंद्र सिंघल महेश चौहान प्रमोद त्यागी राकेश ढींगरा जनार्दन विश्वकर्मा जयपाल शर्मा नरेश अरोरा नीरज बंसल अनुराग सिंघल अमित राय जैन अंशुमन अग्रवाल अमित बंटी डॉ पुनीत राजीव कुमार दारा सिंह पाल महमूद आलम अजय गोयल राजेश गोयल श्याम सुंदर मनमोहन मूंदड़ा शिवम तायल आदि उपस्थित थे।



**पेट्रोल डीजल और रसोई गैस के तेजी से दाम बढ़ने पर जिला एवं शहर महिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन करते हुए एसडीएम सदर दीपक कुमार को सौंपा ज्ञापन**

## अजित सिंह बबलू सपा से निष्कासित, भाजपा में शामिल



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय जनता पार्टी से नजदीकी की खबर के बाद बुढाना इलाके के नेता अजित सिंह बबलू को सपा से निष्कासित कर दिया गया। बाद में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। सपा के जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने बताया कि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने सपा के जिला उपाध्यक्ष अजित सिंह उर्फ बबलू को जिला पंचायत चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर सपा से 6 वर्षो के लिए निष्कासित कर दिया है। सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने अजित सिंह बबलू को पार्टी की सदस्यता से निष्कासित करते हुए इसकी अनुशंसा सपा प्रदेश अध्यक्ष को भेजी है।सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त किसी भी सपा पदाधिकारी कार्यकर्ता को बर्दाश्त नही किया जाएगा। बाद में सपा से निष्कासित अजीत बबलू ने भारतीय जनता पार्टी की ज्वाइन कर ली। जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

## भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बिजली विभाग ऑफिस का घेराव कर की तालाबंदी अधिकारी को बिठाया धूप में





**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर खतौली भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि उनकी 6 मांगे थी जिनपर काफी समय से लगातार शिकायत आ रही थी लेकिन विधुत विभाग के अधिकारियों ने ध्यान नही दिया जिनको लेकर आज धरना प्रदर्शन किया गया है एक्शन सोनम सिंह ने बताया कि लगातार कई घंटे बीत जाने के बाद जब मैं धरने से उठना चाहा तो मुझे भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने अभद्र व्यवहार करते हुए धरने पर ही बिठा लिया जिसके बाद मेरी हालत खराब हो गई सोनम सिंह ने बताया कि पिछले दिनों कोरोना वायरस के लक्षण पाए गए थे ठीक हुआ तो अपनी ड्यूटी पर आया हू यूनियन के लोगो द्वारा मुझे धूप में बिठाकर मेरे साथ में अभद्र व्यवहार किया है इसी बीच प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे जहां पर कोतवाल यशपाल सिंह ने भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को समझा-बुझाकर धरना समाप्त कराया और 6 मांगों को लेकर जल्द ही निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है जिसके बात ऑफिस पर लगा ताला खोल कर धरना समाप्त किया गया ।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोन 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।